# गुरुदेव
# कालीचरण ब्रह्म

श्री माणिक कुमार ब्रह्म
**जीवनी-लेखक**



**बोडो स्टडी सेंटर**
**गांधी हिन्दुस्तानी साहित्य सभा**
सन्निधि, राजघाट
नई दिल्ली-110002

गुरूदेव कालीचरण ब्रह्म /Gurudev Kalicharan Brahm
Shri Manik Kumar Brahm, MR: 200/-
ISBN No. 978-81-86198-97-1

यह पुस्तक 'बोडो स्टडी सेंटर' (दिल्ली), जो 'बोडो साहित्य सभा', 'ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन' और 'गांधी हिन्दुस्तानी साहित्य सभा' के सहयोग से संचालित होता है–द्वारा उठाया गया एक अनुकरणीय और प्रशंसनीय कदम साबित होगा। इस केन्द्र ने माणिक ब्रह्म द्वारा अंग्रेजी में लिखित जीवनी 'गुरुदेव कालीचरण ब्रह्म' का हिन्दी में अनुवाद करके एक नेक पहल की है। यह पहल गुरुदेव कालीचरण ब्रह्म के जीवन और उनके द्वारा प्रतिपादित सामाजिक परिवर्तन संबंधी शिक्षाओं का निरंतर प्रचार-प्रसार करने में सहायक सिद्ध होगी।

–Kwrwmdao Wary
President, ABSU

बोडो साहित्य सभा एवं ऑल बोडो स्टूडेन्ट्स यूनियन (आब्सु) के सहयोग से गांधी हिन्दुस्तानी साहित्य सभा द्वारा संचालित 'बड' अध्ययन केन्द्र' द्वारा गुरुदेव कालीचरण ब्रह्म की जीवनी का हिन्दी अनुवाद प्रकाशित किया जा रहा है, यह अत्यन्त प्रशंसनीय है। 19वीं सदी के अंत में गुरुदेव ने बोडो जाति का पुनर्जागरण किया। उनके जीवन और दर्शन से राष्ट्र की मुख्यधारा को परिचित कराना बहुत जरूरी था। इस कार्य के लिए मैं बोडो जाति की ओर से बोडो-मित्र प्रो. रमेश भारद्वाज का अभिनन्दन करता हूँ।

–नीलकान्त गयारी
महासचिव, बोडो साहित्य सभा

पूर्वोत्तर भारत की सुप्रतिष्ठित बोडो जनजाति के आधुनिक इतिहास में गुरुदेव कालीचरण ब्रह्म और बोडफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्म कालजयी व्यक्तित्व हैं। 19वीं सदी के अंत में तथा बीसवीं सदी के प्रारम्भ में गुरुदेव ने पिछड़ी एवं दलित बोडो जाति के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक नवजागरण का दर्शन दिया। और बोडफा ने 21वीं सदी में बोडो पहचान एवं अस्मिता की रक्षा का क्रान्त-दर्शन प्रस्तुत किया।

असम में 'मेच गांधी' गुरुदेव पहले भारतीय थे जिन्होंने समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप जीवन-दर्शन का व्यावहारिक पक्ष उजागर किया। भारतीय इतिहास में उनके योगदान को दर्शाती बोडो एवं अंग्रेजी भाषा में कई पुस्तकें हैं। किन्तु राष्ट्र की मुख्यधारा की हिन्दी भाषा में यह पहला प्रकाशन है। भविष्य में गुजराती, मराठी, तमिल आदि में भी गुरुदेव की जीवनी प्रकाशित की जाएगी।

–प्रो. रमेश भारद्वाज
समन्वयक, बोडो स्टडी सेन्टर

गांधी हिन्दुस्तानी साहित्य सभा
GANDHI HINDUSTANI SAHITYA SABHA
Sannidhi, 1, J. L. Nehru Marg, Rajghat, New Delhi-110002
9 788186 198971